दिन – शुक्रवार                                                                 दिनांक– 28 / 08 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।                                                  अवधि – 05 मिनट

---

नेपाल में भीषण बाढ़ के बाद बिहार में बाढ़ का खतरा फिलहाल टल गया है। गंडक नदी के जलस्तर में लगातार गिरावट आ रही है। वाल्मीकिनगर बैराज पर गंडक नदी का जलस्तर आज दोपहर बारह बजे निन्यानवे हजार आठ सौ क्यूसेक दर्ज किया गया। उपमुख्यमंत्री सह–जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि नदी का प्रवाह फिलहाल सामान्य है। उन्होंने कहा कि गंडक नदी में पहुंचने से पहले भोटेकोशी, त्रिशूली और नारायणी नदियों से गुजरते हुए जलस्तर कम हो गया है। श्री चौधरी ने कहा कि एहतियात के तौर पर गंडक नदी से प्रभावित सभी आठ जिलों को अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने बताया कि जल संसाधन विभाग की टीमें तटबंधों की चौबीसों घंटे निगरानी और गश्त कर रही हैं। इधर, राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने नेपाल में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए बिहार लोकभवन में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉक्टर उदयकांत मिश्रा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने राज्यपाल को बताया कि विभाग किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

———————————————————

नेपाल–तिब्बत में आई विनाशकारी बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर चार सौ उनहत्तर हो गई है। सीमा के दोनों तरफ़ एक हजार पांच सौ पैंतालीस लोग अभी भी लापता हैं। इधर, भारत ने बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि नेपाल में मौजूद दो सौ नब्बे भारतीय नागरिक अभी भी लापता हैं और उनकी खोज के प्रयास जारी हैं। अब तक भारत के चौरासी नागरिकों को बचाया गया है, जिसमें त्रिशुली–वन जलविद्युत परियोजना के तिरेसठ कर्मचारी और तमिलानडु के इक्कीस लोग शामिल हैं।

———————————————————

प्रधानमंत्री जनधन योजना के आज बारह साल पूरे हो गए हैं। इस योजना के तहत अब तक उनसठ करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं। इन खातों में कुल

तीन लाख सत्रह हजार करोड़ रुपये की राशि जमा है। इस अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जन धन योजना, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और देश के लोगों को सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि यह योजना सभी भारतीयों के लिए बैंकिंग पहुंच को भी सुलभ बना रही है। उल्लेखीनय है कि इस योजना के तहत महिलाओं के लगभग छप्पन प्रतिशत खातों सहित अठहत्तर प्रतिशत खाते ग्रामीण या अर्ध–शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। इधर, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस महत्वपूर्ण योजना के बारह साल पूरे होने पर कहा कि इस योजना ने आर्थिक सशक्तिकरण को जन–जन का अधिकार बनाया है। श्री चौधरी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि इस योजना ने आत्मनिर्भर भारत की नींव को और मजबूत किया है।

———————————————————————

भाई–बहन के स्नेह का त्योहार रक्षा बंधन आज देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस पर्व पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांध कर उनके अच्छे स्वास्थ्य तथा खुशहाली की कामना कर रही हैं। वहीं, भाई अपनी बहनों की सुरक्षा और उन्हें सहयोग का संकल्प ले रहे हैं। रक्षा बंधन के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को बधाई दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन हमें याद दिलाता है कि जीवन में हर रिश्ते की नींव विश्वास, संवेदनशीलता और आपसी सहयोग पर टिकी होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर कामना करते हुए कहा कि प्यार, स्नेह और आपसी भरोसे का बंधन हमेशा मजबूत और अटूट बना रहे। वहीं, राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने अपने संदेश में कहा कि इस अवसर पर हमें महिलाओं के लिए गरिमापूर्ण और सम्माजनक वातावरण के निर्माण का संकल्प लेना चाहिए। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामना देते हुए कहा कि सभी बहनों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशियाँ सदैव बनी रहें। जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि रक्षाबंधन का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।